उप-निरीक्षक - दूरसंचार परीक्षा-2024 (गृह विभाग) परीक्षा तिथि - 9/11/2025

549821

पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या : 16
Number of Pages in Booklet : 16
पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या : 100
No. of Questions in Booklet : 100

# IST-25

**इस प्रश्न-पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए। Do not open this Question Booklet until you are asked to do so.**

प्रश्न-पुस्तिका संख्या व बारकोड / Question Booklet No. & Barcode

**Paper Code : 49**

**Paper – I**
**Sub : General Hindi**

**समय : 02:00 घण्टे + 10 मिनट अतिरिक्त***
**Time : 02:00 Hours + 10 Minutes Extra***

**अधिकतम अंक : 200**
**Maximum Marks : 200**

**प्रश्न-पुस्तिका के पेपर की सील/पॉलिथीन बैग को खोलने पर प्रश्न-पत्र हल करने से पूर्व परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर लें कि :**
- **प्रश्न-पुस्तिका संख्या तथा ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर अंकित बारकोड संख्या समान हैं।**
- **प्रश्न-पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक के सभी पृष्ठ व सभी प्रश्न सही मुद्रित हैं। समस्त प्रश्न, जैसा कि ऊपर वर्णित है, उपलब्ध हैं तथा कोई भी पृष्ठ कम नहीं है/ मुद्रण त्रुटि नहीं है।**

**किसी भी प्रकार की विसंगति या दोषपूर्ण होने पर परीक्षार्थी वीक्षक से दूसरा प्रश्न-पत्र प्राप्त कर लें। यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी। परीक्षा प्रारम्भ होने के 5 मिनट पश्चात् ऐसे किसी दावे/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।**

**On opening the paper seal/polythene bag of the Question Booklet before attempting the question paper, the candidate should ensure that :**
- **Question Booklet Number and Barcode Number of OMR Answer Sheet are same.**
- **All pages & Questions of Question Booklet and OMR Answer Sheet are properly printed. All questions as mentioned above are available and no page is missing/misprinted.**

**If there is any discrepancy/defect, candidate must obtain another Question Booklet from Invigilator. Candidate himself shall be responsible for ensuring this. No claim/objection in this regard will be entertained after five minutes of start of examination.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. **प्रत्येक प्रश्न के लिये एक विकल्प भरना अनिवार्य है।**
2. **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं।
3. प्रत्येक प्रश्न का मात्र **एक** ही उत्तर दीजिए। एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जाएगा।
4. **OMR** उत्तर-पत्रक इस प्रश्न-पुस्तिका के अन्दर रखा है। जब आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तो उत्तर-पत्रक निकाल कर ध्यान से केवल **नीले बॉल पॉइंट पेन** से विवरण भरें।
5. कृपया अपना रोल नम्बर ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर सावधानीपूर्वक सही भरें। गलत रोल नम्बर भरने पर परीक्षार्थी स्वयं उत्तरदायी होगा।
6. **ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक में करेक्शन पेन/व्हाईटनर/सफेदा का उपयोग निषिद्ध है।**
7. **प्रत्येक गलत उत्तर के लिए प्रश्न अंक का 1/3 भाग काटा जायेगा।** गलत उत्तर से तात्पर्य अशुद्ध उत्तर अथवा किसी भी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर से है।
8. **प्रत्येक प्रश्न के पाँच विकल्प दिये गये हैं, जिन्हें क्रमशः 1, 2, 3, 4, 5 अंकित किया गया है। अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले (बबल) को उत्तर-पत्रक पर नीले बॉल पॉइंट पेन से गहरा करना है।**
9. **यदि आप प्रश्न का उत्तर नहीं देना चाहते हैं तो उत्तर-पत्रक में पाँचवें (5) विकल्प को गहरा करें। यदि पाँच में से कोई भी गोला गहरा नहीं किया जाता है, तो ऐसे प्रश्न के लिये प्रश्न अंक का 1/3 भाग काटा जायेगा।**
10. ***प्रश्न-पत्र हल करने के उपरांत अभ्यर्थी अनिवार्य रूप से ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक जाँच लें कि समस्त प्रश्नों के लिये एक विकल्प (गोला) भर दिया गया है। इसके लिये ही निर्धारित समय से 10 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।**
11. **यदि अभ्यर्थी 10% से अधिक प्रश्नों में पाँच विकल्पों में से कोई भी विकल्प अंकित नहीं करता है तो उसको अयोग्य माना जायेगा।**
12. **मोबाइल फोन अथवा अन्य किसी इलेक्ट्रोनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित है। यदि किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी कोई वर्जित सामग्री मिलती है तो उसके विरुद्ध आयोग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।**

**चेतावनी :** अगर कोई अभ्यर्थी नकल करते पकड़ा जाता है या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, तो उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए **राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम अध्युपाय) अधिनियम, 2022 तथा अन्य प्रभावी कानून एवं आयोग के नियमों-प्रावधानों** के तहत कार्यवाही की जाएगी। साथ ही आयोग ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य में होने वाली आयोग की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है।

## INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES

1. **It is mandatory to fill one option for each question.**
2. **All** questions carry equal marks.
3. Only **one** answer is to be given for each question. If more than **one** answers are marked, it would be treated as wrong answer.
4. The **OMR** Answer Sheet is inside this Question Booklet. When you are directed to open the Question Booklet, take out the Answer Sheet and fill in the particulars carefully with **Blue Ball Point Pen** only.
5. Please correctly fill your Roll Number in **OMR** Answer Sheet. Candidates will themselves be responsible for filling wrong Roll No.
6. **Use of Correction Pen/Whitener in the OMR Answer Sheet is strictly forbidden.**
7. **1/3 part of the mark(s) of each question will be deducted for each wrong answer.** A wrong answer means an incorrect answer or more than one answers for any question.
8. **Each question has five options marked as 1, 2, 3, 4, 5. You have to darken only one circle (bubble) indicating the correct answer on the Answer Sheet using BLUE BALL POINT PEN.**
9. **If you are not attempting a question then you have to darken the circle '5'. If none of the five circles is darkened, one third (1/3) part of the marks of question shall be deducted.**
10. ***After solving question paper, candidate must ascertain that he/she has darkened one of the circles (bubbles) for each of the questions. Extra time of 10 minutes beyond scheduled time, is provided for this.**
11. **A candidate who has not darkened any of the five circles in more than 10% questions shall be disqualified.**
12. **Mobile Phone or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited. A candidate found with any of such objectionable material with him/her will be strictly dealt with as per rules.**

**Warning :** If a candidate is found copying or if any unauthorized material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her in the Police Station and he/she would be liable to be prosecuted under **Rajasthan Public Examination (Measures for Prevention of Unfair means in Recruitment) Act, 2022 & any other laws applicable and Commission's Rules-Regulations.** Commission may also debar him/her permanently from all future examinations.

**उत्तर-पत्रक में दो प्रतियाँ हैं – मूल प्रति और कार्बन प्रति। परीक्षा समाप्ति पर परीक्षा कक्ष छोड़ने से पूर्व परीक्षार्थी उत्तर-पत्रक की दोनों प्रतियाँ वीक्षक को सौंपेंगे, परीक्षार्थी स्वयं कार्बन प्रति अलग नहीं करें। वीक्षक उत्तर-पत्रक की मूल प्रति को अपने पास जमा कर, कार्बन प्रति को मूल प्रति से कट लाइन से मोड़ कर सावधानीपूर्वक अलग कर परीक्षार्थी को सौंपेंगे, जिसे परीक्षार्थी अपने साथ ले जायेंगे। परीक्षार्थी को उत्तर-पत्रक की कार्बन प्रति चयन प्रक्रिया पूर्ण होने तक सुरक्षित रखनी होगी एवं आयोग द्वारा माँगे जाने पर प्रस्तुत करनी होगी।**

1. रीतिवाचक क्रिया-विशेषण का प्रयोग किस वाक्य में नहीं हुआ है ?
(1) लड़का तेजी से दौड़ा ।
(2) मैं आपकी बातें ध्यानपूर्वक सुन रहा हूँ ।
(3) वह बहुत थक गया था ।
(4) वह वहाँ भलीभाँति रह रहा है ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

2. किस वाक्य में संबंधबोधक अव्यय नहीं है ?
(1) धन के बिना काम नहीं चलता ।
(2) बच्चा बाहर सो रहा है ।
(3) आकाश की ओर क्या देख रहे हो ?
(4) मोहन घर के बाहर है ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

3. इनमें से संबोधनद्योतक विस्मयादिबोधक अव्यय कौन सा नहीं है ?
(1) हट !
(2) अजी !
(3) अरी !
(4) हे !
(5) अनुत्तरित प्रश्न

4. किस वाक्य में अकर्मक क्रिया है ?
(1) वह अपना सिर खुजलाता है ।
(2) आप मेरे मित्र ठहरे ।
(3) ये चीजें हमारा जी ललचाती हैं ।
(4) मैं घड़ा भर रहा हूँ ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

5. निम्नलिखित में से 'भिक्षा' का पर्यायवाची शब्द नहीं है :
(1) भीख
(2) याचना
(3) भुक्ति
(4) मधुकरी
(5) अनुत्तरित प्रश्न

6. निम्नलिखित में से किस विकल्प के सभी शब्द परस्पर पर्यायवाची हैं ?
(1) पतंग, मिहिर, सविता
(2) निशाकर, निशिनाथ, निशीथ
(3) पंख, पाँख, पंखी
(4) कलापी, कोकिल, कोइला
(5) अनुत्तरित प्रश्न

7. परस्पर पर्याय की दृष्टि से त्रुटिपूर्ण विकल्प है –
(1) इच्छा, स्पृहा, ईप्सा
(2) लक्ष्मी, पद्मा, इंदिरा
(3) विद्वान्, कोविद, विचक्षण
(4) क्षमा, तितिक्षा, अमर्ष
(5) अनुत्तरित प्रश्न

8. किस वाक्य में निपात का प्रयोग नहीं हुआ है ?
(1) उसने अपने भाई तक को नहीं बुलाया ।
(2) मोहन रातभर जागता रहा ।
(3) राम ने पुस्तक खरीदी थी ।
(4) मैं देर तक वहाँ रुका रहा ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

9. इनमें से कौन सा विलोम-युग्म असंगत है ?
(1) जंगम – स्थावर
(2) सुकर – दुष्कर
(3) डरपोक – भीरु
(4) चिंतित – निश्चिंत
(5) अनुत्तरित प्रश्न

10. निम्नलिखित में से 'हत' का विलोम है :
(1) अहत
(2) निहत
(3) विहत
(4) प्रहत
(5) अनुत्तरित प्रश्न

11. विलोम शब्दों की दृष्टि से सही विकल्प कौन सा है ?
(1) आमिष – सामिष
(2) भ्रांत – विभ्रांत
(3) रूक्ष – मसृण
(4) प्रफुल्ल – उत्फुल्ल
(5) अनुत्तरित प्रश्न

12. निम्नलिखित में से किस विकल्प में विपरीतार्थी शब्द हैं ?
(1) सम्मुख – उन्मुख
(2) नवीन – अर्वाचीन
(3) शाश्वत – अनश्वर
(4) अमित – परिमित
(5) अनुत्तरित प्रश्न

13. 'समय पर जिसकी बुद्धि ठीक कार्य करे', वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द है –
(1) स्थितप्रज्ञ
(2) बुद्धिजीवी
(3) सुमति
(4) प्रत्युत्पन्नमति
(5) अनुत्तरित प्रश्न

14. वाक्यांश के स्थान पर प्रयुक्त एक शब्द की दृष्टि से असंगत विकल्प है –
(1) शीघ्र प्रसन्न होने वाला – आशुतोष
(2) जिसे पार करना कठिन हो – दुर्भेद्य
(3) बिना पलकें गिराये देखना – निर्निमेष
(4) जो ममता से रहित हो – निर्मम
(5) अनुत्तरित प्रश्न

15. निम्नलिखित में से किस विकल्प में वाक्यांश के लिए प्रयुक्त शब्द सार्थक नहीं है ?
(1) लौटकर पीछे आना – परावर्त
(2) दूसरों पर आश्रित रहने वाला – अन्योन्याश्रित
(3) रास्ते में खर्च के लिए रखा धन – पाथेय
(4) अपने स्थान से न हटने वाला – अच्युत
(5) अनुत्तरित प्रश्न

16. किस विकल्प में समश्रुत शब्दों का अर्थ-भेद क्रमशः सुमेलित नहीं है ?

(1) पुष्कल-पुष्कर = पर्याप्त-सरोवर

(2) पतन-पत्तन = बंदरगाह-गिरना

(3) कृत-क्रीत = किया हुआ-खरीदा हुआ

(4) गण-गण्य = समूह-गिनने योग्य

(5) अनुत्तरित प्रश्न

17. निम्नलिखित में से किस विकल्प में समश्रुत भिन्नार्थक शब्दों का क्रमशः संगत अर्थ नहीं है ?

(1) चतुष्पद-चतुष्पथ = चौपाया – चौराहा

(2) टुक-टूक = टुकड़ा – थोड़ा

(3) कुट-कूट = किला – पहाड़ की चोटी

(4) कृति-कृती = रचना – निपुण

(5) अनुत्तरित प्रश्न

18. 'अद्य-आद्य' समश्रुत शब्दों का क्रमशः सुसंगत अर्थ-भेद है –

(1) आज – प्रथम

(2) प्रथम – आज

(3) इस दिन – आधा

(4) आधा – इस दिन

(5) अनुत्तरित प्रश्न

19. किस विकल्प में सभी शब्द शुद्ध हैं ?

(1) गरिष्ट, स्वादिष्ट, अट्ठहास, पृष्ठ

(2) स्वादिष्ठ, अट्टहास, पृष्ट, गरिष्ठ

(3) अट्टहास, पृष्ट, गरिष्ट, स्वादिष्ट

(4) पृष्ठ, गरिष्ठ, स्वादिष्ठ, अट्ठहास

(5) अनुत्तरित प्रश्न

20. निम्नलिखित में से किस विकल्प के सभी शब्द अशुद्ध हैं ?

(1) फिटकरी, बादाम

(2) मरिचिका, महिना

(3) आगामी, अहल्या

(4) प्रदर्शिनी, विभीषिका

(5) अनुत्तरित प्रश्न

21. शुद्ध शब्द है –

(1) दुरावस्था

(2) निरलम्ब

(3) पुरुस्कार

(4) अतएव

(5) अनुत्तरित प्रश्न

22. निम्नलिखित में से किस विकल्प के सभी शब्द शुद्ध हैं ?

(1) यथाविध, अक्षुण्य

(2) याज्ञवल्क्य, ऊधम

(3) धनाढ्य, सीधासाधा

(4) ओद्यौगिक, संग्रहीत

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**23.** निम्नांकित में अशुद्ध शब्द है :

(1) धराशायी

(2) चर्मोत्कर्ष

(3) गण्यमान्य

(4) तदनंतर

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**24.** अशुद्ध शब्द है –

(1) ओषधि

(2) उषा

(3) हितेषी

(4) पुरुष

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**25.** शुद्ध शब्द है –

(1) पुर्नजन्म

(2) आद्रता

(3) सौहार्द

(4) श्रृंखला

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**26.** अशुद्ध शब्द है –

(1) स्वास्थ्य

(2) ध्यातव्य

(3) महात्म्य

(4) उपलक्ष्य

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**27.** निम्नलिखित में से किस विकल्प में परसर्ग का त्रुटिपूर्ण प्रयोग है ?

(1) मैंने राम से पूछा ।

(2) वह मुझ से क्रुद्ध है ।

(3) वह कहीं काम से जाता है ।

(4) उसे रस्सी से बाँधकर ले गए ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**28.** निम्नलिखित में से किस विकल्प के सभी शब्द नित्य पुल्लिंग हैं ?

(1) पक्षी, खटमल

(2) संतान, बटेर

(3) सवारी, चील

(4) जोंक, चीता

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**29.** किस वाक्य में 'से' परसर्ग अपादान कारक में प्रयुक्त नहीं हुआ है ?

(1) आत्मा देह से भिन्न है ।

(2) मेरी बात ध्यान से सुनो ।

(3) मुझसे बढ़कर परिश्रमी कौन होगा ।

(4) कोयला खदान से निकाला जाता है ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**30.** निम्नलिखित में से किस शब्द का विभक्ति रहित रूप दोनों वचनों (एकवचन, बहुवचन) में एक ही रहता है ?

(1) भानजा

(2) बेटा

(3) नाना

(4) पोता

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**31.** इनमें से कौन सा शब्द सदैव एकवचन में ही प्रयुक्त होता है ?

(1) हस्ताक्षर

(2) पानी

(3) आँसू

(4) प्राण

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**32.** निम्नलिखित में से किस विकल्प के सभी शब्द स्त्रीलिंग हैं ?

(1) भीड़, टोली, दल

(2) पृथ्वी, अरहर, सभा

(3) आँख, नाक, कान

(4) नीम, कचनार, शीशम

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**33.** 'जब-जब अनावृष्टि हुई है, तब-तब अकाल पड़ा है ।' वाक्य में काल है –

(1) आसन्न भूतकाल

(2) पूर्ण भूतकाल

(3) संभाव्य भूतकाल

(4) संदिग्ध भूतकाल

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**34.** 'बच्चा आनंदपूर्वक सोता होगा ।' यह वाक्य किस काल का उदाहरण है ?

(1) संदिग्ध भूत

(2) सामान्य भविष्य

(3) संदिग्ध वर्तमान

(4) संभाव्य भविष्य

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**35.** 'वृत्ति' की दृष्टि से असंगत विकल्प कौन सा है ?

(1) क्या तुम मेरा काम कर दोगे ? – इच्छार्थ

(2) सदैव सच बोलो । – आज्ञार्थ

(3) मुझे कल गाँव जाना पड़ेगा । – निश्चयार्थ

(4) यदि तुम पढ़ते तो पास हो जाते । – संकेतार्थ

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**36.** निम्नलिखित में से मध्यम पुरुष का उदाहरण है :

(1) मैं अपना खाना बना रहा हूँ ।

(2) आप भला तो जग भला ।

(3) अपने से बड़ों का आदर करना उचित है ।

(4) आप क्या राय देते हैं ?

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**37.** निम्नलिखित में से किस विकल्प में कर्मवाच्य का प्रयोग नहीं हुआ है ?

(1) कपड़ा सिया जाता है ।

(2) चिट्ठी भेजी गई ।

(3) मुझसे यह बोझ न उठाया जाएगा ।

(4) यहाँ कैसे बैठा जाएगा ?

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**38.** भाववाच्य का प्रयोग किस वाक्य में नहीं हुआ है ?

(1) यहाँ कैसे चला जाएगा ।

(2) रोगी से अन्न नहीं खाया जाता है ।

(3) किसी से चुप नहीं रहा जाता ।

(4) लड़के से चला नहीं जाता ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**39.** निम्नलिखित में से मिश्र वाक्य का उदाहरण है :

(1) उसने कहा कि मैं निर्दोष हूँ ।

(2) राजा नगर में नहीं आए; इसलिए आनंद नहीं मनाया गया ।

(3) सूर्योदय होने पर कुहासा जाता रहा ।

(4) उन्हें न नींद आती थी, न भूख-प्यास लगती थी ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**40.** 'सीता गा रही है ।' प्रस्तुत वाक्य में पक्ष है –

(1) नित्यताबोधक

(2) आवृत्तिमूलक

(3) सातत्यबोधक

(4) पूर्णकालिक

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**41.** 'सीढ़ी के सहारे मैं जहाज पर जा पहुँचा ।' वाक्य में उद्देश्य है –

(1) सीढ़ी

(2) मैं

(3) के सहारे

(4) जा पहुँचा ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**42.** निम्नलिखित में से संयुक्त वाक्य नहीं है :

(1) जितना माल तुम भेजोगे उतना हम भी भेजेंगे ।

(2) चाहे राम वहाँ जाए चाहे उसका भाई ।

(3) न उससे चलते बनता है न देखते ।

(4) या वह मंत्री है या कोई बड़ा नेता ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**43.** निम्नलिखित में से संयुक्त वाक्य का उदाहरण है :

(1) जो लड़के अच्छे होते हैं, वे परिश्रमी होते हैं ।

(2) संकटों ने उसे हर तरह से घेरा, किंतु वह निराश नहीं हुआ ।

(3) उसने उस पुस्तकालय को खरीदा, जो उसके मित्र का था ।

(4) जब सवेरा हुआ, तब हम लोग बाहर गए ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

44. निम्नलिखित में से अशुद्ध वाक्य नहीं है :

(1) हमें भोग-विलास के लिए धन नष्ट नहीं करना चाहिए ।

(2) इसका अधिकार भारत को नहीं है ।

(3) वह संतान को लेकर दुःखी है ।

(4) इस रोग के लिए कोई ईलाज नहीं है ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

45. शुद्ध वाक्य चुनिए –

(1) पुस्तक बहुत ही विद्वत्तापूर्वक लिखी गई है ।

(2) आपने बड़ा अच्छा काम किया ।

(3) हम लोग परस्पर मित्र हैं ।

(4) उन्होंने इस बात पर आपत्ति प्रकट की ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

46. 'जो मैं तुम्हें पहले से जानता, तो तुम्हारा विश्वास नहीं करता ।' यह किस प्रकार का वाक्य है ?

(1) विधानार्थक

(2) आज्ञार्थक

(3) इच्छार्थक

(4) संकेतार्थक

(5) अनुत्तरित प्रश्न

47. शुद्ध वाक्य है –

(1) शकुन्तला जल से पौधों को सींचती थी ।

(2) रोगी के पसीने की राशि बढ़ती गयी ।

(3) मैं सोमवार के दिन यहाँ पहुँच जाऊँगा ।

(4) आप अपनी प्रतिज्ञा पर अटल रहें ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

48. अशुद्ध वाक्य है –

(1) जंगली फल और झरनों का पानी पीकर हम आगे बढ़े ।

(2) मैंने उनकी बहुत प्रतीक्षा की ।

(3) वह अपराधी दण्ड पाने योग्य है ।

(4) मैं यह कहे बिना नहीं रह सकता ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

49. शुद्ध वाक्य है –

(1) यह चीज सपने में भी मिलना दुर्लभ है ।

(2) प्रायः ये लोग कभी-कभी अनुपस्थित रहते थे ।

(3) साहित्य का अर्थ आजकल भिन्न रूप में लिया जा रहा है ।

(4) मेरे विचार से शायद काम जरूर हो जायेगा ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

50. अशुद्ध वाक्य है –

(1) सब को नमस्ते ।

(2) मैं वहाँ एक पुराने मित्र को मिला ।

(3) श्याम के हाथ भेज देना ।

(4) आज फिर तुम इतनी देर में आये ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

51. किसी वाक्य में मनोविकार सूचित करने के लिए यदि प्रश्नवाचक शब्द आए, तो किस विरामचिह्न का प्रयोग होगा ?

(1) प्रश्नचिह्न

(2) आश्चर्यचिह्न

(3) पूर्ण विराम

(4) अर्द्धविराम

(5) अनुत्तरित प्रश्न

52. शुद्ध वाक्य है –

(1) मैंने उसे बैठने की कुर्सी दी ।

(2) हमारे हाथ में कुछ नहीं आया ।

(3) वह मन-ही-मन में सोचने लगा ।

(4) वह नदी से पानी भरने गयी है ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

53. किस वाक्य में सभी विरामचिह्नों का उचित प्रयोग हुआ है ?

(1) 'हिन्दुस्तान' में उनकी कविता प्रकाशित हुई है ।

(2) उसने पूछा कि, 'वह कहाँ है ?'

(3) वाह ! यह भी कोई बात है ?

(4) साहित्य के दो भाग हैं ; गद्य और पद्य ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

54. क्रिया की मूल धातु के साथ आई प्रेरणार्थक क्रियाओं के बीच में किस विरामचिह्न का प्रयोग किया जाता है ?

(1) अल्पविराम

(2) अर्द्धविराम

(3) योजक चिह्न

(4) निर्देशक चिह्न

(5) अनुत्तरित प्रश्न

55. निम्नलिखित में से किस वाक्य में प्रश्नचिह्न का सही प्रयोग हुआ है ?

(1) न जाने अब क्या होगा ?

(2) वह नहीं जानता कि तुम कौन हो ?

(3) अभी तक पता नहीं चला कि शत्रु कहाँ है ?

(4) वह ऐसा क्यों कहता था कि हम वहाँ न जाएँगे ?

(5) अनुत्तरित प्रश्न

56. 'ऊसर में बीज बोना' मुहावरे का निहितार्थ है –
(1) केवल दिखावे के लिए कुछ करना ।
(2) निष्फल काम करना ।
(3) व्यर्थ बातें करना ।
(4) अनमेल काम करना ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

57. निम्नलिखित में से किस विकल्प में मुहावरे का निहितार्थ सही नहीं है ?
(1) अंधेर करना – अन्याय करना
(2) अंधेर छाना – शोक छाना
(3) अंधेर मचना – गड़बड़ी होना
(4) अंधेरे में रखना – ठीक स्थिति न बताना
(5) अनुत्तरित प्रश्न

58. 'घोड़े का रोग बंदर के सिर पड़ना' मुहावरे का निकटतम अर्थ है –
(1) किसी का दोष किसी दूसरे पर आना ।
(2) विपरीत काम करना ।
(3) व्यक्ति की हालत में परिवर्तन करना ।
(4) दुविधा में डालना ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

59. निम्नलिखित में से किस वाक्य में विरामचिह्नों का असंगत प्रयोग हुआ है ?
(1) लड़के ने कहा कि मैं अभी आता हूँ ।
(2) लो, मैं यह चला ।
(3) क्या इतनी छोटी बात आपकी समझ में नहीं आती !
(4) क्रोध; चाहे जैसा भी हो; मनुष्य को दुर्बल बनाता है ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

60. 'मुहावरा और उसका अर्थ' की दृष्टि से कौन सा विकल्प सुमेलित नहीं है ?
(1) चिंउटे की गिरह पेट में होना – बहुत कंजूस होना
(2) चिड़िया का दूध – असंभव वस्तु
(3) चिकना देख फिसल पड़ना – साधारण लाभ देखकर अपना नैतिक पतन करना
(4) चाँदी कटना – आराम से दिन बीतना
(5) अनुत्तरित प्रश्न

61. 'चूल्हे आग न घड़े पानी' लोकोक्ति का निहितार्थ है –
(1) मूर्खतापूर्ण काम करना ।
(2) बहुत ही दीन दशा ।
(3) विपत्ति-पर-विपत्ति आना ।
(4) अवसर खो देना ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

62. किस विकल्प में मुहावरा और तत्संबंधी आशय सुमेलित नहीं हैं ?
(1) आईने में मुँह देखना – अपनी योग्यता देखना
(2) हलका करना – बेइज्जत करना
(3) जबान के नीचे जबान रखना – दो तरह की बातें कहना
(4) घड़ी तोला घड़ी माशा करना – आनाकानी करना
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**63.** 'कान छिदावै सो गुड़ खावे' लोकोक्ति का निकटतम अर्थ है –

(1) मूर्ख को कुछ नहीं मिलता ।

(2) काम करने से ही आता है ।

(3) कपटपूर्ण व्यवहार करना ।

(4) जो कष्ट उठाएगा, उसी को सुख मिलेगा ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**64.** लोकोक्ति और उसके अर्थ की दृष्टि से कौन सा विकल्प सुमेलित नहीं है ?

(1) न तीन में, न तेरह में – अत्यन्त तुच्छ और नगण्य व्यक्ति ।

(2) न रहेगा बाँस न बजेगी बाँसुरी – झगड़े की जड़ को ही नष्ट कर देना ।

(3) न आगे नाथ न पीछे पगहा – संसार में अकेला होना ।

(4) न उधो का लेना, न माधो का देना – कर्ज मुक्त होना ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**65.** निम्नलिखित में से किस विकल्प में लोकोक्ति का निहितार्थ असंगत है ?

(1) तिनके की ओट पहाड़ – थोड़े सहारे से बड़ा काम होना ।

(2) तेल देखो तेल की धार देखो – बहुत सोच-विचार कर काम करना ।

(3) उलटे बाँस बरेली को – किसी को उसी की युक्ति से बेवकूफ बनाना ।

(4) चोर के घर मोर – अपने ही व्यक्ति द्वारा धोखा देना ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**66.** निम्नलिखित में से संगत विकल्प है :

(1) Symposium – परिसंवाद

(2) Synthesis – संश्लिष्ट

(3) Synthetic – संश्लेषण

(4) Synchronise – समकालन

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**67.** 'Exigency' पारिभाषिक का हिंदी समानार्थक है –

(1) तात्कालिक आवश्यकता

(2) प्रदर्शित करना

(3) अनुकरणीय व्यवहार

(4) अधिशासी आदेश

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**68.** निम्नलिखित में से किस विकल्प में लोकोक्ति का निकटतम अर्थ सही है ?

(1) बत्तीस दाँत में जीभ – शत्रुओं से घिरा रहना ।

(2) बांबी में हाथ तू डाल, मंत्र मैं पढ़ूँ – कहना बहुत, करना थोड़ा ।

(3) मोहरों की लूट कोयलों पर छाप – समय के अनुकूल काम न करना ।

(4) डेढ़ पाव आटा पुल पर रसोई – मूल्य से अधिक व्यय करना ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

69. पारिभाषिक शब्दों की दृष्टि से असंगत विकल्प है –

(1) Arbitration – विवाचन

(2) Legal – वैध

(3) Juvenile Convict – किशोर न्यायालय

(4) Undersigned – अधोहस्ताक्षरी

(5) अनुत्तरित प्रश्न

70. निम्नलिखित में से असंगत विकल्प है :

(1) Contain – समाविष्ट करना

(2) Contamination – संदूषण

(3) Contemporary – समकालीन

(4) Construe – प्रलक्षित

(5) अनुत्तरित प्रश्न

71. पारिभाषिक शब्दावली की दृष्टि से सुमेलित नहीं है –

(1) Review – पुनर्विलोकन

(2) Revision – परिशोधन

(3) Rider – प्रतिसंहरण

(4) Reverted – प्रत्यावर्तित

(5) अनुत्तरित प्रश्न

72. 'Privilege' का हिंदी पारिभाषिक है –

(1) विशेषाधिकार

(2) अनधिकार

(3) एकाधिकार

(4) सर्वाधिकार

(5) अनुत्तरित प्रश्न

73. निम्नलिखित में से 'Visitor' का अर्थ नहीं है :

(1) आगंतुक

(2) परिदर्शन

(3) कुलाध्यक्ष

(4) परिदर्शक

(5) अनुत्तरित प्रश्न

74. 'Condemned' का हिंदी पारिभाषिक अर्थ नहीं है –

(1) सिद्ध दोष

(2) अनुपयोगी

(3) निन्दित

(4) आरोपित

(5) अनुत्तरित प्रश्न

75. 'Judicious' का हिंदी पारिभाषिक शब्द है –

(1) अधिकारिता

(2) न्यायसम्मत

(3) विधिवेत्ता

(4) विवेक

(5) अनुत्तरित प्रश्न

76. इनमें से 'Render' का समतुल्य हिंदी पारिभाषिक शब्द नहीं है –

(1) नवीनीकरण करना

(2) प्रदर्शित करना

(3) अर्पित करना

(4) रूपांतर करना

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**77.** संधि की दृष्टि से कौन सा विकल्प सही है ?

(1) परि + छेद = परिछेद

(2) पितृ + ऋण = पित्रिण

(3) प्र + मान = प्रमाण

(4) अति + उत्तम = अत्यूत्तम

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**78.** निम्नलिखित में से किस विकल्प में त्रुटिपूर्ण संधि-विच्छेद है ?

(1) प्रतिष्ठा = प्रति + स्था

(2) पित्रादेश = पितर् + आदेश

(3) अन्वय = अनु + अय

(4) तथैव = तथा + एव

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**79.** किस शब्द का संधि-विच्छेद गलत है ?

(1) महैश्वर्य = महा + ऐश्वर्य

(2) महौदार्य = महा + औदार्य

(3) मतैक्य = मत + एक्य

(4) इत्यादि = इति + आदि

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**80.** संधि की दृष्टि से त्रुटिरहित शब्द है –

(1) सत् + मति = सन्मति

(2) षट् + मुख = षन्मुख

(3) दंत + ओष्ठ = दंतोष्ठ

(4) मातृ + आज्ञा = मात्रज्ञा

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**81.** निम्नलिखित में से द्वन्द्व समास का उदाहरण नहीं है :

(1) इकतीस

(2) घर-घर

(3) घर-द्वार

(4) लूटमार

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**82.** निम्नलिखित में से एकाधिक उपसर्गों से निर्मित शब्द है :

(1) परिसंख्या

(2) परिष्कार

(3) परिशिष्ट

(4) परिताप

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**83.** किस समूह में उपसर्ग और उससे निर्मित सभी शब्द सुमेलित हैं ?

(1) सु – स्वागत, स्वस्ति, स्वाति

(2) आ – आकस्मिक, आकार, आकाश

(3) निर् – निरस्त, निरुद्ध, निरीक्षण

(4) वि – वैवाहिक, विवश, विवाद

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**84.** निम्नलिखित में से किस सामासिक पद का विग्रह त्रुटिपूर्ण है ?

(1) लोकोत्तर – लोक से उत्तर

(2) गृहागत – गृह को आगत

(3) कामचोर – काम के लिए चोर

(4) कृष्णार्पण – कृष्ण के लिए अर्पण

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**85.** शब्द और प्रत्यय का कौन सा जोड़ा सुसंगत है ?

(1) डोरी – री

(2) अकेला – एला

(3) नकेल – ल

(4) कोठरी – ई

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**86.** तत्सम-तद्भव शब्दों का कौन सा जोड़ा असंगत है ?

(1) अष्टादश – अठारह

(2) कास – खाँसी

(3) गर्त – गधा

(4) गोमय – गोबर

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**87.** निम्नलिखित में से किस विकल्प के सभी शब्द तत्सम हैं ?

(1) कोटर, किंशुक, कंगन

(2) कुमुद, कपास, कुंभ

(3) कांचन, कारागार, कातर

(4) केवट, कैवल्य, केसर

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**88.** निम्नलिखित में से 'नी' प्रत्यय से निर्मित शब्द नहीं है :

(1) कतरनी

(2) सुँघनी

(3) चटनी

(4) महाजनी

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**89.** निम्नलिखित में से किस विकल्प के सभी शब्द तद्भव हैं ?

(1) मास, मिट्टी, मिर्च

(2) मुख, मोती, मोर

(3) राख, रोदन, पहर

(4) पलास, रोली, पंथ

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**90.** निम्नलिखित में से देशज शब्द है :

(1) खार

(2) ठेठ

(3) हाट

(4) हाँडी

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**91.** किस विकल्प में विदेशी शब्द नहीं है ?

(1) सौत

(2) चादर

(3) कुश्ती

(4) पुल

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**92.** निम्नलिखित में तद्भव शब्द है :

(1) लाख

(2) शाक

(3) वानर

(4) शाप

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**93.** निम्नलिखित में से किस विकल्प के सभी शब्द जातिवाचक संज्ञा से निर्मित भाववाचक संज्ञा हैं ?

(1) दूरी, गर्मी, बुढ़ापा

(2) सजावट, मिठास, निजत्व

(3) मित्रता, दासत्व, लड़कपन

(4) सामीप्य, दौड़, पंडिताई

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**94.** किस समूह में सभी शब्द जातिवाचक संज्ञाएँ हैं ?

(1) नदी, नगर, आपा

(2) पशु, फल, लोभ

(3) बच्चा, गुरु, बन्धु

(4) व्यक्ति, एकता, प्यास

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**95.** निम्नलिखित में से किस वाक्य में निश्चयवाचक सर्वनाम का प्रयोग हुआ है ?

(1) ऐसा न हो कि कोई आ जाए ।

(2) यह नया काम नहीं है ।

(3) उसने कुछ नहीं खाया ।

(4) कोई उसे बुला रहा है ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**96.** किस विकल्प के सभी शब्द विदेशी शब्द हैं ?

(1) ईमान, आमदनी, ठोकर

(2) गुलाब, शोर, थप्पड़

(3) आवारा, मालूम, झंझट

(4) चेहरा, मेहमान, देहात

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**97.** क्रिया से निर्मित विशेषण है –

(1) भगोड़ा

(2) पुष्पित

(3) विषैला

(4) तुम्हारा

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**98.** निम्नलिखित में से किस वाक्य में परिमाणवाचक विशेषण का प्रयोग नहीं हुआ है ?

(1) लड़के ने सारी सम्पत्ति उड़ा दी ।

(2) उसने बहुत परिश्रम किया ।

(3) कोई आदमी आया है ।

(4) इनसे कुछ लाभ नहीं ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**99.** निम्नलिखित में से प्रेरणार्थक क्रिया युक्त वाक्य है :

(1) लड़के ने कपड़ा सिलवाया ।

(2) सिपाही ने कई लड़ाइयाँ लड़ीं ।

(3) पक्षी अनोखी बोली बोलते हैं ।

(4) मैंने सोहन को चोर समझा ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**100.** किस वाक्य में निजवाचक सर्वनाम का प्रयोग नहीं हुआ है ?

(1) इस विषय में आप लोगों की क्या राय है ?

(2) मैं अपने को सुधार रहा हूँ ।

(3) हम अपने-आपको भूल गए ।

(4) मैं आप वहीं से आया हूँ ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

## रफ कार्य के लिए स्थान